# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.09.2024 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में कल दो दिवसीय दौरे पर रांची आयेगी चुनाव आयोग की टीम, पहले दिन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ करेगी बैठक।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के दौरान इंटरनेट सेवा बंद करने पर जताई नाराजगी, कहा–इंटरनेट बाधित करने से पहले राज्य सरकार ले अदालत की अनुमति।**
3. **भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कल खूंटी में पार्टी की दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा की करेंगे शुरुआत, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हेमंत सोरेन सरकार पर फिर लगाया वादा खिलाफी का आरोप।**
4. **टाटानगर–पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू, सांसद वीडी राम ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना।**
5. **अपराधियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, पलामू और देवघर से 10 अपराधी हथियारों के साथ गिरफ़्तार।**

***************

राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार सरगर्मी बढ़ती जा रही है। चुनाव तैयारियों का जायजा लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की टीम कल से राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आ रही है। टीम में मुख्य चुनाव आंयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू सहित करीब एक दर्जन अधिकारी होंगे। आयोग की टीम पहले दिन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। अगले दिन 24 सितंबर को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक होगी।

***************

रांची समेत राज्य के विभिन्न केंद्रों पर जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा आज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गयी। कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर केंद्रों पर व्यापक प्रबंध किये गये थे। इधर जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के कारण आज भी राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद रही, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। इस बीच जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर बाधित इंटरनेट सेवा को तत्काल बहाल करने को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति आनंद सेन और न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की खंडपीठ ने राज्य सरकार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि इंटरनेट सेवा बाधित करनी है तो उससे पहले उच्च न्यायालय का आदेश लेना जरूरी होगा।

***************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कल झारखंड के एकदिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। श्री नड्डा खूंटी से दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा को रवाना करेंगे। खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने श्री नड्डा के कार्यक्रम के दौरे को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान श्री मुंडा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने जिस उद्देश्य से झारखंड राज्य का गठन किया था उस उद्देश्य की पूर्ति अब तक नहीं हो पाई है।

***************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हेमंत सोरेन सरकार पर राज्य के युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगने का आरोप लगाया है। कोडरमा ब्लॉक मैदान में आयोजित परिवर्तन यात्रा के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार के पांच वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन जितने वादे सरकार बनने से पूर्व किए गए थे, वे अब तक पूरे नहीं किये गये हैं और राज्य की जनता ठगी हुई महसूस कर रही है।

जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि फिलहाल झारखंड में जमानत वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि यहां के मुख्यमंत्री बेल पर हैं और ऐसी सरकार से राज्य का भला नहीं हो सकता। श्री मौर्य गढ़वा के रंका हाई स्कूल मैदान में आयोजित परिवर्तन यात्रा को भी संबोधित किया।

***************

झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। रांची में संवाददाताओं से बातचीत में श्री भट्टाचार्य ने कहा कि अपने राज्यों को छोड़कर बाहर से भाजपा नेताओं का झारखंड आना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता राज्य सरकार के हर निर्णयों से घबरा गये हैं।

***************

जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड स्थित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में आज विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने 5 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले भवन एवं बुनियादी ढांचे के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर श्री महतो ने कहा कि प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा के विकास के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं बहाल की जा रही है।

****************

टाटानगर–पटना वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी का आज डालटनगंज और गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पहुंचने पर लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस ट्रेन को डालटनगंज रेलवे स्टेशन से सांसद वीडी राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जबकि गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन से विधायक रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने ट्रेन को रवाना किया। इस मौके पर सांसद वीडी राम ने वंदे भारत एक्सप्रेस को डालटनगंज तथा गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन होते हुए परिचालन के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।

****************

अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। देवघर साइबर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पथरड्डा ओपी और सारठ थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से सात मोबाइल फोन और आठ सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। इधर पलामू पुलिस ने छत्तरपुर थानाक्षेत्र से लूट की योजना बना रहे पांच अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूट का सोना भी बरामद किया गया है।

****************

झारखंड समेत देशभर में सत्रह सितम्बर से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। गढ़वा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

**********समाप्त**********